लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

अमृत विचार

वर्ष 4, अंक 150, पृष्ठ 16+4, मूल्य: 6 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार बरेली, रविवार, 16 अप्रैल 2023

Page No : 9 Middle

रेडियोबायोलॉजी की अत्याधुनिक तकनीक की छात्रों को दी जानकारी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

कार्यशाला में अतिथि डा. मनोज गुप्ता को सम्मानित करते एसआरएमएस ट्रस्ट के चेयरमैन देवमूर्ति व अन्य।

- एसआरएमएस मेडिकल कालेज में हुई कार्यशाला
- 20 मेडिकल कॉलेजों के पीजी विद्यार्थियों ने लिया भाग

अमृत विचार : इंडियन कालेज आफ रेडिएशन ओंकोलाजी (आईसीआरओ) और एसोसिएशन ऑफ रेडिएशन ओंकोलाजिस्ट आफ इंडिया (एआरओआई) की एकेडमिक विंग ने एसआरएमएस मेडिकल कालेज में शनिवार को रेडियोबायोलॉजी पर कार्यशाला की। जिसमें उत्तर भारत के सात राज्यों में संचालित 20 मेडिकल कालेजों के ओंकोलाजी के पीजी विद्यार्थियों ने भाग लिया।

एसोसिएशन आफ रेडिएशन ओंकोलाजिस्ट आफ इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. मनोज गुप्ता ने रेडियोबायोलॉजी से संबंधित आधुनिक तकनीकों की जानकारी दी। कहा कि जिस तेजी से कैंसर बढ़ रहा है उतनी तेजी से मरीजों के इलाज के लिए हमको भी आगे बढ़ना होगा। संसाधन जुटाने होंगे तभी भविष्य में कैंसर के मरीजों का उपचार संभव हो सकेगा। एसआरएमएस मेडिकल कालेज में ओंकोलाजी में पीजी कोर्स उपलब्ध है।

एसआरएमएस ट्रस्ट के संस्थापक देवमूर्ति ने कहा कि 10 वर्ष से एसआरएमएस मेडिकल कालेज में उपचार कराने वाले हजारों मरीज कैंसर को मात देकर स्वस्थ हो चुके हैं। आरआर कैंसर इंस्टिट्यूट के एचओडी कैंसर विशेषज्ञ डा. पियूष कुमार, प्रिंसिपल एयर मार्शल (सेवानिवृत्त) डा. एमएस बुटोला, डायरेक्टर एडमिनिस्ट्रेशन आदित्य मूर्ति, डा. अरविंद चौहान, डा. पवन मेहरोत्रा, डा. राशिका सचान आदि मौजूद रहे। संचालन डा. आयुष गर्ग ने किया।